दिनांकः 16.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्र सरकार ने देश में जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा आज जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पित्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य–विवरण दर्ज किया जाएगा। लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में 1 अक्टूबर, 2026 से जनगणना शुरू होगी। वहीं देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से जनगणना शुरू होगी। यह जनगणना अपनी शुरूआत के बाद से 16वीं राष्ट्रीय जनगणना और भारत की स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस से मुलाकात की। दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। बाद में दोनों नेता निकोसिया टाउन हॉल जाएंगे, जहां से वे संयुक्त राष्ट्र युद्धविराम रेखा का प्रतीकात्मक संयुक्त दौरा करेंगे। यह वैश्विक शांति प्रयासों में भारत के दीर्घकालिक योगदान को रेखांकित करता है। श्री मोदी के सम्मान में आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज के साथ ही प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा सम्पन्न हो जायेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री कनाडा जाएंगे, जहां वे जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज सवाईमाधोपुर जिले के दौरे पर हैं। श्री बागड़े को सवाईमाधोपुर पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद–नेक की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शोध क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को दर्शाती है। साथ ही राज्य सरकार की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिबद्धता, दूरदृष्टि और सतत प्रयासों का भी परिणाम है। गौरतलब है कि हाल ही में नेक की टीम ने विश्वविद्यालय का दौरा किया था।

000

प्रदेश में प्री–मानसून की बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। पिछले 24 घंटों में जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, अलवर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, नागौर, झुंझुनूं, चित्तौड़गढ़, पाली, सवाईमाधोपुर और बूंदी जिलों में बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र, जयपुर के अनुसार आज राज्य के 11 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

विभाग के अनुसार, 20 और 21 जून को कोटा तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इस बीच, राज्य में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 41 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस पारा चूरू में रिकॉर्ड किया गया।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 कल और परसों आयोजित की जाएगी। ये परीक्षा अजमेर और जयपुर जिला मुख्यालयों पर 77 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में ली जाएगी।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर चौदह जून को ही अपलोड कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि 1 हजार 96 पदों के लिए आयोजित की जा रही मुख्य परीक्षा में 21 हजार 541 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

000